प्रादेशिक समाचार
दिनांक–31.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बाद अब झामुमो नेता लोबिन हेम्ब्रम ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। रांची स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। मौके पर चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी समेत कई अन्य नेता मौजूद रहे। वहीं सदस्यता ग्रहण करने के बाद लोबिन हेम्ब्रम ने राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य के संथाल क्षेत्र में डेमोग्राफी बदल रही है, महिलाओं के साथ अपराध हो रहा है, बांग्लादेशी घुसपैठ हो रही है। साथ ही कहा कि झारखंड का विकास अब भाजपा ही कर सकती है इसलिए मैने भाजपा का दामन थामा है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में जिला स्तरीय न्यायिक अधिकारियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक डाक टिकट और सिक्के का अनावरण भी किया। उद्घाटन कार्यक्रम में देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चन्द्रचूड, केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और अटॉर्नी जनरल भी शामिल हुए। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि न्याय में देरी को खत्म करने के लिए बीते एक दशक में कई स्तरों पर काम हुआ है।

****

आकाशवाणी दिल्ली ने महिला सामूहिक मंच के सहयोग से महिलाओं के लिए वॉयलिन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि संगीत महिलाओं की सफलता और योगदान को भी श्रद्धांजलि दे सकता है।

****

गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड के बलिगढ़ गांव में कल रात 30 हाथियों के झुंड ने तांडव मचाते हुए 15 किसानों के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों ने 20 एकड़ में लगी धान की फसल भी नुकसान पहुंचाया है।

****

हजारीबाग राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष ने समाहरणालय सभा कक्ष में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं और समाधान को लेकर बैठक की। बैठक में उपायुक्त नैंसी सहाय भी मौजूद रहीं। इस दौरान उपाध्यक्ष अंजना पवार ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की परिकल्पना बिना सफाई कर्मचारी के पूरा नहीं हो सकती है, इन्हें पूर्ण सम्मान देना होगा।

****

देश को एकता के सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से 22 हजार किलोमीटर की पदयात्रा पर निकले दीपक वर्मा का कोडरमा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

*******समाप्त*******